# प्रदेश बना तबादला घोटाले की फैक्ट्री : पटवारी

## सरकार पर बोला हमला, हर दिन 20 बहन-बेटियों के साथ हो रहे हैं दुष्कर्म



**भोपाल,31 जुलाई. विधानसभा के मानसून सत्र में कांग्रेस सरकार पर लगातार हमलावर है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश की बिगड़ती कानून-व्यवस्था, बढ़ते अपराध और प्रशासनिक तबादलों को लेकर मुख्यमंत्री सहगृह मंत्री को घेरा है. पटवारी ने कहा, गृह मंत्री पूरी तरह से फेल हो चुके हैं. अपराध के आंकड़े चीख-चीखकर सरकार की नाकामी उजागर कर रहे हैं.**

पटवारी ने दावा किया कि 1 जनवरी 2024 से 20 जून 2025 तक 10,840 रेप के मामले दर्ज हुए. हर दिन औसतन 20-21 रेप, दो मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म हुआ. एससी, एसटी वर्ग की महिलाएं विशेष रूप से पीड़ित हैं और कई मामलों में भाजपा से जुड़े नेताओं के नाम सामने आए हैं.

भोपाल में ड्रग फैक्ट्री और नशे के कई मामले सामने आए हैं, लेकिन आरोपी नेताओं के साथ खड़े दिखे. सरकार ड्रग्स कारोबार को शह दे रही है. उन्होंने आरोप लगाया कि शिवराज सरकार के मुकाबले वर्तमान सरकार में शराब का कारोबार डेढ़ गुना बढ़ा है. पटवारी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने तबादले घोटाले की फैक्ट्री शुरू कर दी है. 377 आईएएस में से 335 कार्यरत हैं, इनमें से 200 अफसरों के बार-बार तबादले हो रहे हैं. आईपीएस की स्थिति भी ऐसी ही है. विभाग बदलने की यह स्पीड बताती है कि सरकार ईमानदार अफसरों को नहीं, पैसे और राजनीतिक पहुंच वालों को तरजीह दे रही है. हर विभाग में ट्रांसफर पोस्टिंग माफिया सक्रिय हैं. 'पैसा दो और पोस्टिंग लो' की व्यवस्था बन चुकी है. इससे ईमानदार अफसर किनारे कर दिए गए हैं. उन्होंने तबादला घोटाले पर श्वेतपत्र जारी करने और सीबीआई जांच की मांग की.

> पटवारी ने कहा, गृह मंत्री की विफलता अब छिपी नहीं है. प्रदेश में महिलाएं, बच्चियां असुरक्षित हैं, अपराधियों को राजनीतिक संरक्षण मिल रहा है. जब तक ऐसे मंत्री कुर्सी पर हैं, कानून-व्यवस्था नहीं सुधर सकती. विधानसभा सत्र के दौरान सरकार घिरी हुई है.

# मूंग खरीदी में भारी अव्यवस्था

मध्यप्रदेश में मूंग खरीदी को लेकर किसानों की बढ़ती परेशानियों पर सियासी संग्राम तेज हो गया है. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने राज्य सरकार और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर तीखा हमला बोला. उन्होंने चेतावनी दी कि अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो वह शिवराज सिंह के घर के सामने अनशन करेंगे. प्रदेश के प्रमुख मूंग उत्पादक जिले नर्मदापुरम में खरीदी प्रक्रिया में रोज नई अड़चनें सामने आ रही हैं, जिससे किसान परेशान हैं. जीतू पटवारी ने कहा, प्रदेश में मूंग खरीदी की स्थिति बेहद खराब है. गेहूं के दाम को लेकर वादे किए थे, वे भी अधूरे हैं.

> **कृषि मंत्री को चेतावनी, उनके घर के सामने देंगे धरना**
> कांग्रेस नेता ने केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान पर निशाना साधते हुए कहा, कृषि मंत्री होकर वे किसानों की तकलीफ नहीं समझ पा रहे हैं. हमने कई बार उनसे समय मांगा, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला. अगर उन्होंने जल्द कदम नहीं उठाए तो मैं उनके घर के सामने जाकर अनशन पर बैठूंगा.

# सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें : जस्टिस

▸ 55 जिलों में लागू होंगे सड़क सुरक्षा के उपाय : सीएस

**भोपाल, 31 जुलाई. सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष जस्टिस अभय मनोहर सप्रे ने सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आव्हान किया है. उन्होंने मुख्य सचिव अनुराग जैन के साथ सड़क सुरक्षा को लेकर बैठक की. जस्टिस सप्रे ने कहा कि स्वीडन में सड़क सुरक्षा को लेकर बहुत अच्छा काम हुआ है. वैसा काम हमारे देश में और मध्यप्रदेश में हम भी कर सकते हैं.**

सड़क दुर्घटना से प्रतिवर्ष लगभग डेढ़ लाख लोगों की मृत्यु होती है. उनके जीवन को बचाने के लिए मिशन की शुरूआत मध्यप्रदेश से की है. उन्होंने बताया कि रोड सेफ्टी की मैदानी स्थिति जानने के लिए वे सड़क से ही अपनी यात्रा कर रहे है. अच्छे काम करने वालों को प्रोत्साहित किया जाये तथा खराब सड़क बनाने वालों को ब्लैक लिस्ट करें. सड़कों पर इतनी सुरक्षा होनी चाहिये कि एक भी व्यक्ति की जान नहीं जाये.

जस्टिस सप्रे ने कहा कि लोगों की जान बचाने के कार्य पर सुप्रीम कोर्ट पूरे समय ध्यान दे रहा है. जस्टिस सप्रे ने कहा कि जैसे मध्यप्रदेश के इंदौर ने स्वच्छता में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वैसे ही प्रदेश के शहर सड़क सुरक्षा में अपना स्थान बनाएं. सर्वोच्च न्यायालय सड़क सुरक्षा समिति भोपाल, नर्मदापुरम एवं नरसिंहपुर जिलों का भ्रमण कर जिला सड़क सुरक्षा समिति के साथ बैठक करेगी. बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कहा कि भारत सरकार की ही तरह तात्कालिक एवं दीर्घकालीन उपाय प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू किये जायेंगे. प्रदेश के 9 जिलों में सड़क सुरक्षा के लिए आईआईटी मद्रास की मदद ली जायेगी और बाद में 6 और जिलों में यह किया जायेगा. सड़क सुरक्षा के लिए सभी एजेंसियों में समन्वय स्थापित किया जायेगा. पुलिस, नगरीय प्रशासन, स्वास्थ्य एवं लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की टीम बनायी गयी है. इंजीनियरों को केपिसिटी बिल्डिंग के लिए प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा सड़कों एवं ब्रिज की मरम्मत की जायेगी.

> मुख्य सचिव ने कहा कि हर जिले मे आटोमेटिक टेस्टिंग स्टेशन शुरू किया जायेगा. ड्राइविंग इंस्टीट्यूट की संख्या बढ़ायी जायेगी. यातायात नियमों का पालन कराया जायेगा. लोगों को हेलमेट लगाने के लिए प्रेरित किया जायेगा. सभी वाहनों का इंश्योरेंस किया जायेगा. चालान जनरेशन एवं पेमेण्ट सिस्टम दुरूस्त किया जायेगा. सड़क दुर्घटना में गोल्डन ऑवर में जान बचाने के प्रयास किये जायेंगे. एम्बुलेंस की व्यवस्थाएं सुधारी जायेंगी. इमरजेंसी रिस्पांस टाइम को बेहतर किया जायेगा. यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा की जागरूकता के लिए स्कूलों में बताया जायेगा. जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठकें नियमित तौर पर आयोजित की जायेंगी. सड़क सुरक्षा कोष का उपयोग किया जायेगा. राहवीर योजना का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने की भी जानकारी दी गई.

# शराब के नशे में पाये गये आधा दर्जन ट्रेलर कोल वाहन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जुलाई। यातायात पुलिस ने बीती रात जयंत बस पड़ाव के पास वाहन चालको के चेकिंग किया। जहां आधा दर्जन कोल ट्रेलर वाहन चालक नशे के हालत में पाये गये। उनके विरूद्ध यातायात पुलिस ने कार्रवाई की है।**



सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति आम जनता को जागरूक करने के उद्देश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत बीती मध्य रात्रि को जयंत बस पड़ाव पर शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान लगभग 34 वाहनों को चेक किया गया एवं समझाइश दी गई। वाहन चालको का लाइसेंस निलंबन कराया जाएगा माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 6 महीने के लिए वाहन ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन कराए जाने के लिए प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय में भेजा जाएगा। यातायात पुलिस अपील किया है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं एवं यातायात नियमों का पालन करें। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी यातायात सउनि सुरेश शुक्ला, आर प्रवेश, रमेश , जितेंद्र सहित अन्य यातायात पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।

# जुलाई माह में एनसीएल से 78 कर्मी हुए सेवानिवृत्त



नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जुलाई। एनसीएल से 10 अधिकारी और 68 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। एनसीएल मुख्यालय से मुख्य प्रबन्धक अमरनाथ राम, वरीय निजी सहायक बिरेन्द्र सिंह बिष्ट, सुपरवाइजर श्याम लाल पाल, पंप ऑपरेटर बनारसी प्रसाद बसोर एवं पंप ऑपरेटर हजारी सेवानिवृत्त हुए।**

इन सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के सम्मान में एनसीएल मुख्यालय में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर कंपनी के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी साईराम, निदेशक रजनीश नारायण, सुनील प्रसाद सिंह मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, अन्य अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित रहे। अभिनंदन समारोह के दौरान एनसीएल के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक बी साईराम ने सेवानिवृत्त कर्मियों को कंपनी की उरोत्तर प्रगति में योगदान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया तथा उनके सुखद और स्वस्थ भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। इस दौरान निदेशक रजनीश नारायण ने सेवानिवृत हो रहे कर्मियों की पूर्ति को अपूर्णीय बताते हुए उनके आगामी मंगल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर निदेशक सुनील प्रसाद सिंह ने एनसीएल के विकास में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के अतुलनीय योगदान की सराहना की। समारोह में सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों ने अपने कार्यकाल की स्मृतियों को साझा किया। साथ ही उपस्थित अधिकारियों ने भी सेवानिवृत्त कर्मियों से जुड़े संस्मरण एवं विचार व्यक्त किए। अंत में सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों/कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से संबंधित उपादेय भेंट किए गए।

# शासकीय उचित मूल्य दुकान गोंदवाली में ताला तोड़कर खाद्यान्न की हुई चोरी

▸ गोंदवाली उचित मूल्य दुकान में दोबारा हुई चोरी, चोरों का नही लगा सुराग

नवभारत न्यूज

**बरगवां 31 जुलाई। जिले के बरगवां थाना अंतर्गत गोंदवाली में 28 जुलाई की रात अज्ञात चोरों ने शासकीय उचित मूल्य दुकान का ताला तोड़कर खाद्यान्न चोरी किया। उक्त दुकान में दूसरी बार चोरी हुई है। इसके पूर्व 30 जून को चोरों ने ताला तोड़कर खाद्यान्न चोरी किया था। दो बार घटना घटित हो चुकी है। इसके बावजूद आज तक चोरों का पता नहीं लग पाया है।**

इधर जानकारी में बताया गया कि गोंदवाली स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का बीते दिवस अज्ञात चोरों ने ताला तोड़ दिया गया। जिसमें रखा गेहूँ-चावल व शक्कर के कमरो का ताला भी गायब था। इसके अलावा दुकान के बाहर गेहूँ बिखरा हुआ पड़ा था। बताया जाता है कि बीते माह 30 जून को भी चोरी हुई थी। जहां 59 बोरी गेहूँ चोरी हुआ था, जिसकी शिकायत बरगवां थाने में दर्ज कराई गई थी। वही बीते 28 जुलाई को फिर से चोरों ने धावा बोलकर घटना को अंजाम दिया।

जहां 41 बोरी गेहूँ फिर से चोरी हुआ है। सेल्समेन के द्वारा थाने में शिकायत की गई है। दो बार हुई चोरी के बावजूद अभी तक चोरों की तलाश नही हो पाई है।

## कांग्रेस ने हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने षड्यंत्र किया : योगेंद्र शुक्ला



**रीवा 31 जुलाई,** भाजपा नेता योगेंद्र शुक्ला मालेगांव विस्फोट प्रकरण में सभी आरोपियों का निर्दोष सिद्ध होना पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है किकांग्रेस की संकुचित मानसिकता पर करारा प्रहार हुआ है। उन्हों ने कहा कि कांग्रेस ने हिंदू समाज की छवि को धूमिल करने संगठित प्रयास किया और भगवा को "हिन्दू आतंकवाद" जैसे नैरेटिव गढ़ने का पाप किया था जो देश की जनता सदैव याद रखे,.भाजपा नेता ने कहा कीहिन्दू कभी आतंकवादी नहीं हो सकता। न्यायालय का यह फैसला सनातन धर्म, साधु-संतों एवं भगवा को अपमानित करने वाले लोगों को क?ा जवाब है। कांग्रेस को सभी सनातनियों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

# एलआईजी से गुमी बच्ची को मोरवा पुलिस ने 3 घंटे में दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 31 जुलाई। आज दिन गुरुवार की शाम घर से खेलते-खेलते निकली 3 वर्षीय अबोध बालिका एलआईजी चौक जा पहुंची। जहां परिजनों को ना पाकर वह रोने लगी। इस बीच स्थानीय लोगों ने उसके परिजनों को ढूंढते हुए थाने में संपर्क साधा।**



जिसके बाद निरीक्षक यूपी सिंह ने पुलिस कर्मियों मौके पर भेजा। पुलिसकर्मियों ने उसके परिजनों की तलाश करते हुए बालिका को थाने में सुरक्षित रखा। गौरतलब है कि ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधिकारियों ने सोशल मीडिया के सहारे समेत स्थानीय स्तर बालिका के परिजनों की खोजबीन शुरू की। जिसके कुछ घंटे बाद बालिका के पिता को ढूंढ निकाला गया। बालिका के पिता शिव कुमार पनिका निवासी बसनिया थाना चितरंगी ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ गुरुद्वारा रोड स्थित कलाकुंज के पास किराए के मकान में रहता है। बच्ची घर से खेलते-खेलते निकल गई थी। जिसकी परिजनों द्वारा लगातार तलाश की जा रही थी।

# इंजेक्शन और नकली ड्रग्स को लेकर विस में प्रदर्शन

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 जुलाई. विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान कांग्रेस विधायकों का विधानसभा परिसर में थीम आधारित प्रदर्शन लगातार चौथे दिन भी जारी रहा. गुरुवार को कांग्रेस विधायक दल ने प्रदेश में बढ़ते एमडी ड्रग्स कारोबार, उसमें भाजपा कार्यकर्ताओं की संलिप्तता और सत्ता पक्ष के नेताओं द्वारा उन्हें दिए जा रहे संरक्षण के खिलाफ प्रदर्शन किया. इस दौरान वे इंजेक्शन और नकली ड्रग्स लेकर पहुंचें. नेता प्रतिपक्ष सहित कुछ अन्य विधायकों ने बाकायदा इंजेक्शन की माला भी पहन रखी थी. वहीं हाथों में पोस्टर भी लहरा रहे थे.**



इस दौरान नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि प्रदेश में नशा युवाओं को बर्बादी की ओर धकेल रहा है. भाजपा के कार्यकर्ता ड्रग्स मामलों में पकड़े जा रहे हैं, लेकिन उन्हें संरक्षण देने वाले बड़े नेताओं पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है. उन्होंने कहा सरकार सिर्फ छोटी मछलियों पर कार्रवाई कर रही है, लेकिन बड़े मगरमच्छ अब भी खुले घूम रहे हैं. उनपर कार्यवाही कब होगी. उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में ड्रग्स का अवैध कारोबार तेजी से पनप रहा है.

> हजारों करोड़ रुपये का ड्रग्स पकड़ा जा चुका है, लेकिन कार्रवाई सिर्फ निचले स्तर पर सीमित है. जिन भाजपा नेताओं के नाम मछली गिरोह के वीडियो में सामने आ रहे हैं, उनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. कांग्रेस पार्टी नशा मुक्त मध्यप्रदेश की मांग को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी. नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि यदि सरकार ने ड्रग्स माफियाओं और उनके राजनीतिक सरंक्षकों पर कठोर कार्रवाई नहीं की, तो यह आंदोलन और उग्र होगा.

# गजरी बांध में आत्मघाती प्रयास – पुलिस ने दिखाई संवेदनशीलता और साहस

नवभारत न्यूज

**सीधी 31 जुलाई,सीधी पुलिस की मुस्तैदी से एक और जीवन सुरक्षित हुआ। गजरी बांध में आत्मघाती प्रयास में पुलिस ने संवेदनशीलता और साहस दिखाई।**



पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना मझौली प्रभारी उप निरीक्षक विशाल शर्मा के नेतृत्व में मझौली पुलिस ने मानवीय संवेदनशीलता एवं तत्परता का परिचय देते हुए एक महिला की जान बचाकर उसे सुरक्षित घर पहुंचाया। दिनांक 30 जुलाई 2025 को प्रात: 10-33 बजे राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112/100 भोपाल से सूचना प्राप्त हुई कि थाना मझौली अंतर्गत गजरी बांध में एक 49 वर्षीय महिला ने अज्ञात कारणों से छलांग लगा दी है तथा घायल अवस्था में है, जिसे शीघ्र पुलिस सहायता की आवश्यकता है। सूचना प्राप्त होते ही थाना मझौली क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मौके पर रवाना किया गया। डायल-112/100 टीम में तैनात प्रधान आरक्षक अनूप सिंह एवं पायलेट राजा राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर तत्परता से घायल महिला को बांध से बाहर निकालकर ए?.आर.व्ही वाहन के माध्यम से तुरंत शासकीय अस्पताल मझौली पहुंचाया, जहां उसका उपचार किया गया। घायल महिला की पहचान ममता सिंह गोंड पति तिलकराज सिंह उम्र 49 वर्ष, निवासी गजरी दमदारी टोला, थाना मझौली, जिला सीधी के रूप में हुई है। उपचार उपरांत उसे सकुशल परिजनों को सौंप दिया गया।

**जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है सीधी पुलिस-** इस सराहनीय कार्य में डायल-112/100 स्टाफ की सक्रियता, मानवीय संवेदना और कर्तव्यपरायणता ने एक महिला का जीवन बचाया, जिसकी प्रशंसा जनमानस द्वारा की जा रही है। सीधी पुलिस नागरिकों की सुरक्षा एवं सहायता के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

# प्रदेश के कई जिलों में बारिश और पकड़ेगी जोर

नवभारत रिपोर्टर

**भोपाल, 30 जुलाई. मप्र के जिलों में बारिश का दौर जारी है. शुक्रवार को बैतूल, हरदा, उज्जैन, देवास, शाजापुर, आगर, मंदसौर, बुरहानपुर, खंडवा सहित जिलों में भी बारिश हो सकती है.**



इसके साथ ही खरगौन, सिहोर, बालाघाट, पन्ना, सिंगरौली, सीधी, रीवा, मऊगंज, सतना, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, डिंडोरी, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, मंडला सहित जिलों में बारिश के आसार बने हुए हैं. इस दौरान 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलेगी. मौसम विभाग ने अधिकांश जिलों में बारिश की संभावना को देखते हुए येलो अलर्ट जारी किया है. विदिशा, अशोकनगर, शिवपुरी, राजगढ़, मुरैना, दमोह में गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश हो सकती है. मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक प्रदेश के अधिकतर जिलों में बारिश का दौर अभी जारी रहेगा.

> **बंगाल की उत्तर-पूर्वी खाड़ी तक बना दबाव**
> मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में, मानसून ट्रफ़ माध्य समुद्र तल पर श्री गंगानगर, रोहतक, बांदा, सीधी, रांची, डायमंड हार्बर से होकर दक्षिण-पूर्व की ओर बंगाल की उत्तर-पूर्वी खाड़ी तक विस्तृत है. एक ऊपरी हवा का चक्रवातीय परिसंचरण दक्षिण-पश्चिम उत्तर प्रदेश और निकटवर्ती क्षेत्रों पर, माध्य समुद्र तल से 5.8 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है और ऊँचाई के साथ दक्षिण-पश्चिम की ओर झुका हुआ है.

# वरूण कपूर होंगे नये डीजी जेल

▸ तीन आईपीएस के तबादले

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 31 जुलाई. भारतीय पुलिस सेवा के वर्ष 1991 बैच के अधिकारी वरूण कपूर महानिदेशक जेल होंगे. कपूर अब तक स्पेशल पुलिस महानिदेशक आरएपीटीसी इंदौर के पद पर पदस्थ थे. गृह विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में आदेश जारी है. आदेश में भारतीय पुलिस सेवा के तीन अफसरों के दायित्व में बदलाव किया गया है.**

आदेश के तहत मो. शाहिद अबसार अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल को एडीजी चयन भर्ती पुलिस मुख्यालय भोपाल के साथ ही एडीजी पीटीआरआई तथा संचालक मप्र पुलिस अकादमी भौंरी भोपाल का अतिरिक्त प्रभार भी दिया गया है. वहीं मो. यूसुफ कुरैशी उप पुलिस महानिरीक्षक सायबर सेल पीएचक्यू भोपाल को डीआईजी आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ भोपाल पदस्थ किया गया है. चंद्रशेखर सोलंकी पुलिस महानिरीक्षक विसबल इंदौर को मौजूदा दायित्वों के साथ पुलिस महानिरीक्षक आरएपीटीसी इंदौर के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है. इधर मौजूदा डीजी जेल जीपी सिंह गुरुवार को रिटायर हो गये.

बैठक | हिदायत : भोपाल को बनाया जाए सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार का आदर्श शहर

# तीन महीने में शहर की सुधारें यातायात व्यवस्था : सप्रे

**भोपाल, 31 जुलाई. सुप्रीम कोर्ट की सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष एवं सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे ने कहा है कि भोपाल में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के क्षेत्र में संगठित प्रयासों के माध्यम से और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए.**



उन्होंने समयबद्ध कार्ययोजना तैयार कर आगामी 3 माह में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित करने की अपेक्षा की है. उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं में हो रही मृत्यु की संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया. न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय भोपाल में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई. बैठक में कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त पंकज श्रीवास्तव, निगमायुक्त हरेन्द्र नारायण, सीईओ स्मार्ट सिटी अंजू अरुण कुमार, सीईओ जिला पंचायत ईला तिवारी एवं एडीएम अंकुर मेश्राम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे. न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि हेलमेट पहनने की आदत को बढ़ावा दिया जाए, सीट बेल्ट उपयोग के प्रति जागरूकता लाई जाए, शराब पीकर वाहन चलाने वालों एवं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए. लोक परिवहन को बढ़ावा दिया जाए, ताकि सड़कों पर छोटे वाहनों का दबाव कम हो सके. उन्होंने निर्देश दिए कि पुलिस विभाग सहित सभी शासकीय कर्मचारी वाहन चलाते समय अनिवार्य रूप से सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करें. स्कूल-कॉलेजों के विद्यार्थियों के लिए हेलमेट अनिवार्य किया जाए. उन्होंने मीडिया से जन-जागरूकता अभियान को गति देने में सहयोग का भी आग्रह किया.

**वाहनों की फिटनेस की नियमित जांच हो-** न्यायमूर्ति सप्रे ने भोपाल जिले के अंतर्गत विगत 5 वर्षों में हुई सड़क दुर्घटनाओं, ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन एवं उनके सुधार कार्यों, चालानी कार्रवाई, जन-जागरूकता अभियानों और अन्य नवाचारों की समीक्षा की. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन अमूल्य है और किसी की गलती से निर्दोष की जान न जाए.

> **लगातार यातायात सुधार के प्रयास : कलेक्टर**
> कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि भोपाल जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात सुधार के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिनमें नवाचार और जन-जागरूकता अभियान शामिल हैं. उन्होंने कहा कि बैठक में दिए गए निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाएगा. पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्र ने कहा कि पुलिस विभाग सड़क सुरक्षा को लेकर और अधिक सक्रियता से कार्य करेगा तथा जागरूकता अभियान को गति देकर उसे प्रभावी बनाया जाएगा.

## एमपी ट्रांसको देवास में हुआ सीपीआर प्रशिक्षण सत्र

**भोपाल.** मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) द्वारा देवास व आसपास के सब-स्टेशनों में तैनात आउटसोर्स कर्मियों सहित अन्य कार्मिकों के लिए सीपीआर (कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन) और आपातकालीन चिकित्सा तकनीकों पर केंद्रित एक विशेष प्रशिक्षण सत्र का आयोजन सिविल हॉस्पिटल देवास में किया गया.


**नाम सुधार सूचना**

मै बिन्नू बाई पटैल पति श्री रामसुजान पटैल उम्र-67 वर्ष निवासी ग्राम-कचनारा (जोधनटोला) तह.गुन्नौर जिला पन्ना (म.प्र.) की होकर बहलफ सूचित कर रही हूं कि मेरे नाम पर रिलायन्स लाइफ इंश्योरेन्स कंपनी में बीमा है जिसका पालिसी नं.14433215 है जिसमें मेरा नाम बिन्नू बाई दर्ज हो गया है, जबकि मेरा सही नाम बिन्नू बाई पटैल है जो मेरे सभी दस्तावेजों में दर्ज है. बिन्नू बाई पटैल और बिन्नू बाई दोनों नाम एक ही महिला यानी मेरे ही हैं अलग-अलग नहीं है. अत: मुझे बिन्नू बाई उर्फ बिन्नू बाई पटैल पढ़ा जाए जो सत्य एवं सही है.



**क्षेत्रीय कार्यालय**
**म.प्र.प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड**
रीवा रोड मैहर बाई पास, सतना (म.प्र.)
e-Mail-romppcb_satna@rediffmail.com, website-www.mppcb.nic.in
LiFE Lifestyle for Environment

**लोक सुनवाई सूचना**

सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है, कि भारत सरकार पर्यावरण एवं वन मंत्रालय नई दिल्ली की पर्यावरण प्रभाव ऑकलन अधिसूचना क्रमांक एस.ओ. 1533 दिनांक 14.09.06 तथा यथा संशोधित 09 मई 2022 एवं Office Memorandum No. J-11015/387/2008-IA,11 (m) dated 28th Sep. 2011 के प्रावधानों के अनुसार मेसर्स अमित कुमार राय एण्ड अन्शुमन राय, भदनपुर दक्षिण पट्टी लाइम स्टोन माइन, माइनिंग आफ मिनिरल्स, ग्राम-भदनपुर दक्षिण पट्टी, तहसील - मैहर, जिला - मैहर (म.प्र.), रकवा 25.227 हैक्टेयर, उत्खनन क्षमता - लाइम स्टोन- 2,00,000 TPA हेतु म.प्र. राज्य स्तरीय पर्यावरण प्रभाव आंकलन कमेटी ( SEIAA) में पर्यावरणीय स्वीकृति प्राप्त करने की प्रक्रिया में टी.ओ.आर. जारी कर नियमानुसार लोक सुनवाई कराने के निर्देश दिये गये हैं। उसी अनुक्रम में माइन प्रबंधन द्वारा लोक सुनवाई कराने हेतु म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भोपाल, के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त परियोजना का कार्यकारी सारांश एवं पर्यावरण प्रभाव आंकलन रिपोर्ट (ई.आई.ए. रिपोर्ट) जन सामान्य के अवलोकनार्थ कलेक्टर कार्यालय मैहर, मुख्य कार्यपालिक अधिकारी जिला पंचायत सतना, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मैहर, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सतना, सरपंच ग्राम पंचायत - भदनपुर दक्षिण पट्टी तथा क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना एवं बोर्ड के वेबसाइट www.mppcb.nic.in पर उपलब्ध रहेगा।

अत: जिस किसी भी व्यक्ति को उपरोक्त प्रस्तावित परियोजना के संबंध में पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण संबंधी सुझाव, विचार, टीका-टिप्पणी एवं आपत्ति प्रस्तुत करना हो, तो इस सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अंदर क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सतना में प्रस्तुत कर सकते हैं। परियोजना के संबंध में लोक सुनवाई का आयोजन दिनांक 04.09.2025, दिन-गुरूवार, समय - सुबह 11.00 बजे से, स्थान- प्रस्तावित माइन स्थल के पास ग्राम-भदनपुर दक्षिण पट्टी, तहसील - मैहर, जिला - मैहर (म.प्र.) में किया जावेगा। इच्छुक नागरिक लोक सुनवाई में सम्मिलित होकर अपने मत लिखित अथवा मौखिक रूप से प्रस्तुत कर सकते हैं।

(एस.पी.झा)
क्षेत्रीय अधिकारी
म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
सतना (म0प्र0)

जल ही जीवन है। जल है तो कल है ।।